## एस एस पी एवं गुणवत्ता नियंत्रण अंकेक्षण विभाग द्वारा प्रदत्त सेवाएं ।

### तकनीकी सेवाएं

रॉक फॉस्फेट और एसएसपी की गुणवत्ता को कारगर बनाने के लिए उर्वरक विभागने वर्ष 2001 में पीडीआईएल के तत्वावधान में तकनीकी अंकेक्षण एवं निरीक्षण सेल (टीएसी) का गठन किया है

उर्वरक विभाग द्वारा पीडीआईएल को सौपे गये दायित्व निम्नलिखित हैं :-

- ❖ नई इकाई / क्षमता उन्नयन हेतु निरीक्षण/ जीएसएसपी संयंत्रों को लगाने हेतु प्रथम तकनीकी निरीक्षण
- ❖ एसएसपी/बीआरपी इकाईयों का अंकेक्षण निरीक्षण
- ❖ अंतर्वस्तु को जानने हेतु इजीप्टियन रॉक फॉस्फेट का यादृच्छिक नमूनाकरण
  - ❖ एसएसपी/बीआरपी के उत्पादन की संभाव्यता का पता लगाने हेतु रॉक फास्फेट का विश्लेषण/ रॉक फॉस्फेट का सम्मिश्रण ।

### 1. रसायन प्रयोगशाला सेवाएं :

- ➢ पीडीआईएल नोएडा की रसायनिक प्रयोगशाला को रॉक फास्फेट एवं सिंगल सुपर फास्फेट (SSP)केपरीक्षण हेतु एनएबीएल द्वारा ISO/IEC 17025:2017 मानक प्राप्त है।
- ➢ एनएबीएन ने पीडीआईएल नोएडा की रसायनिक प्रयोगशाला को टीसी-6938 सं. का प्रमाण पत्र प्रदान किया है (प्रमाण पत्र देखें)
- ➢ कार्यक्षेत्र में विनिर्दिष्ट जांच का तरीका रॉक फास्फेट हेतु IS 11224:1985 एवं एसएसपी के लिए FCO: 1985है.

**<u>निम्नलिखित मापदंडों के लिए जांच सुविधाएं उपलब्ध है :</u>**

**a) <u>रॉक फास्फेट के रूप में फास्फेटिक उर्वरक कच्ची सामग्री</u>**:

वजन के अनुसार आर्द्रता-मात्रा%, ओवन सूखी विधि एवं कुल फॉस्फेट ($P_2O_5$ के रूप में)% वजन से।

**b)** **<u>स्ट्रेट फास्फेटि उर्वरक</u>** :

- <u>सिंगल सुपर फास्फेट (पाउडर)</u>:

नमी घटक, फ्री फास्फोरिक अम्ल, जल घुलनशील फास्फेट ( $P_2O_5$ के रूप में), नेचुरल अमोनियम सिट्रेट घुलनशील फास्फेट / उपलब्ध फास्फोरस ( $P_2O_5$ के रूप में), सल्फर (S के रूप में) (इकाई*: % वजन से*)

- <u>सिंगल सुपर फास्फेट</u>(दानेदार):

आर्द्रता-मात्रा, फ्री फास्फोरिक अम्ल, जल घुलनशील फास्फेट ( $P_2O_5$ के रूप में), नेचुरल अमोनियम साईट्रेट घुलनशील फास्फेट / उपलब्ध फास्फोरस ( $P_2O_5$ के रूप में), सल्फर(S के रूप में) (इकाई*: % वजन से*) एवं कण आकार 4 एमएम एवं 1 एमएम द्वारा IS चलनी|

## 2. शोध एवं परामर्श गतिविधियां

वर्तमान में पीडीआईएल उर्वरक विभाग, आईसीएफएफटीआर द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं "कैलशियम नाइट्रेट के उत्पाद में फास्फोजिप्सम के उपयोग, केल्शियम अमोनियम नाइट्रेट एवं सल्फर न्यूट्रेंट (हाइड्रोमिटेलोजी)" को कर रही है ।



**पीडीआईएल रसायनिक प्रयोगशाला का एक दृश्य ।**